Roll No. ..........

Total No. of Questions : 12 ]

# 03/A

[Total No. of Printed Pages : 7

**X**

**2038**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

**HINDI**

**(Morning Session)**

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 90

*नोट :* *(i)* *अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड* **03/A** *अवश्य लिखें।*

*(ii)* *उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें टाइटल सहित 26 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।*

*(iii)* *उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/ पृष्ठों के पश्चात् हल किए गए प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

*(iv)* *कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

*(v)* *प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।*

*(vi)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(vii)* *लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।*

**भाग-क**

**1.** (i) निम्नलिखित प्रश्न का हाँ अथवा नहीं में उत्तर दीजिए -

'आधार' शब्द का विपरीत शब्द 'निराश्रित' होगा - हाँ अथवा नहीं 1

(ii) 'वनगमन' समस्त पद के निम्नलिखित समास-विग्रह-विकल्पों में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) वन में गमन (ख) वन को गमन

(ग) वन के लिए गमन (घ) वन से गमन 1

(iii) निम्नलिखित कथन में सही अथवा गलत लिखें :

'अर्थ' शब्द का विशेषण होगा- 'आर्थिकता' 1

(iv) निम्नलिखित कथन में सही अथवा गलत लिखें :

'जो बात कही न जा सके' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द होगा - 'अकथनीय' 1

(v) 'पुत्री' शब्द के निम्नलिखित में से सही पर्यायवाची शब्द को चुनकर लिखें -

(क) तनय (ख) तनुज (ग) तनुजा 1

(vi) कवि रहीम के अनुसार ज्ञानी व्यक्ति संपत्ति का संचय किसलिए करते हैं ? 1

(vii) 'हम राज्य लिए मरते हैं' कविता के अनुसार किसान संसार को कैसे समृद्ध बनाते हैं ? 1

(viii) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

ममता रोहतास दुर्ग के मंत्री -------- की पुत्री थी। 1

(ix) 'हाँ' अथवा 'नहीं' में उत्तर दीजिए -

'सदाचार का तावीज़' निबन्ध के अनुसार साधु ने तावीज़ का प्रयोग गधे पर किया। हाँ अथवा नहीं। 1

(x) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा मूलराज की पोती इंदु ने कहाँ तक शिक्षा प्राप्त की थी ? निम्नलिखित में से सही विकल्प को चुन कर लिखिए :

(क) मिडल तक (ख) प्राइमरी तक

(ग) दसवीं तक (घ) बारहवीं तक 1

10×1=10

## भाग-ख

**2.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए -

हत + उत्साहित

अथवा

निम्नलिखित शब्द का संधिविच्छेद कीजिए -

पित्रर्पण 1

(ii) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए -

राजकुमारी

अथवा

निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइए -

नीली है जो गाय 1

(iii) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए -

मीठा, अपना 1

(iv) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द का विशेषण बनाइए -

चिंता, परिवार 1

(v) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

दिन, इच्छा 1

(vi) निम्नलिखित में से किसी **एक** समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए -

अन्न-अन्य, सपुत्र-सुपुत्र 1

(vii) निम्नलिखित में से किसी **एक** वाक्यांश (अनेक शब्दों) के लिए एक शब्द लिखिए -

पूर्वजों से प्राप्त हुई सम्पत्ति, जो नीति का ज्ञाता हो। 1

(viii) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द का विलोम शब्द लिखिए -

कंजूस, विस्तार 1

(ix) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए -

हवा, धूप 1

(x) निम्नलिखित में से किसी **एक** अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए -

(क) मेरे को मंदिर जाना है।

(ख) मेधावी मेरी अनुज है। 1

10×1=10

## भाग-ग

**3.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

पर सुख संपति देखि सुनि, ज़रहिं जे जड़ बिनु आगि।
तुलसी तिन के भाग ते, चलै भलाई भागि।। 1+4=5

अथवा

वे गोधन के धनी उदार,
उनको सुलभ सुधा की धार,
सहनशीलता के आगर वे श्रम सागर तरते हैं।
हम राज्य लिए मरते हैं। 1+4=5

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए -

(i) 'नर्स' कहानी में सिस्टर सूसान ने महेश को अपने बेटे के बारे में क्या बताया ? 2½

(ii) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी में नीम के वृक्ष के साथ मनोहर सिंह का इतना लगाव क्यों था ? 2½

(iii) 'मित्रता' निबन्ध के आधार पर लिखें कि अपने से अधिक आत्मबल रखने वाले व्यक्ति को मित्र बनाने से क्या लाभ है ? 2½

(iv) 'मैं और मेरा देश' निबन्ध के आधार पर लिखें कि लाला लाजपतराय के किस अनुभव ने लेखक की पूर्णता को अपूर्णता में बदल दिया ? 2½

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में परेश ने दादा जी के पास जाकर अपनी पत्नी बेला के सम्बन्ध में क्या बताया ? 2½

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव को गुप्तचरों से क्या समाचार मिला ? 2½

4×2½=10

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए -

(i) 'ममता' कहानी के आधार पर ममता का चरित्र चित्रण कीजिए। 5

(ii) 'दो कलाकार' कहानी में चित्रा एक मंझी हुई चित्रकार है। आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ? 5

(iii) 'राजेंद्र बाबू' पाठ के आधार पर राजेंद्र बाबू की पत्नी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करें। 5

(iv) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 5

(v) 'सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 5

3×5=15

**भाग-घ**

**6.** आपका नाम जगजीत कौर है। आप शिवाजी नगर, मुम्बई में रहते हैं। आप अपनी ओर से मुम्बई के 'जन चेतना' समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव सम्बन्धी एक पत्र लिखिए। 7

अथवा

आपका नाम अनीता पुरी है। आप ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, जगाधरी में दसवीं कक्षा में पढ़ती हैं। अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मंगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन पत्र लिखिए। 7

**7.** निम्नलिखित किसी **एक** विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -

(क) जनसंचार के माध्यम

(ख) सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ी खरीदने का मेरा पहला अनुभव

(ग) प्रकृति का वरदान : पेड़-पौधे 8

**भाग-ङ**

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

अनुशासनहीनता एक प्रचंडतम संक्रामक बीमारी है। आग की तरह यह फैलती है और आग की तरह जो कुछ इसके अधीन आता जाता है, उसे ध्वस्त करती जाती है। अतः हर स्तर पर जो भी संचालक अथवा प्रभारी है, उसका यह प्रमुख कर्त्तव्य हो जाता है

कि अनुशासनहीनता के पहले लक्षणों को देखते ही उसका प्रभावी उपचार कर दें। अन्यथा यह बीमारी सम्पूर्ण राष्ट्र का ही पतन कर सकती है। वस्तुतः अनुशासन शिथिल होने का अर्थ है, मूल्यों और मान्यताओं का अवमूल्यन होना और जब ऐसा होता है तो कोई भी राष्ट्र अथवा सभ्यता कितनी ही दिव्य क्यों न हो, नष्ट हो जायेगी। अनुशासित हुए बिना कोई समाज, कोई विभाग या कोई राष्ट्र शक्तिशाली नही बन सकता। इतना ही नहीं अनुशासन के बिना किसी देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते।

(i) अनुशासनहीनता कैसी बीमारी है ? 1

(ii) अनुशासन शिथिल होने से किसी राष्ट्र या सभ्यता पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 1

(iii) किसके बिना देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते ? 1

(iv) 'उपचार' तथा 'वैमनस्य' शब्दों के अर्थ लिखिए। 1

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

5×1=5

**भाग-च**

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों /लोकोक्तियों के वाक्य इस तरह बनाएं ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं -

(i) रुपया पानी में फेंकना 1

(ii) फूल झड़ना 1

(iii) तिल का ताड़ बनाना 1

(iv) आँच न आने देना 1

(v) कथनी नहीं, करनी चाहिए 1

(vi) कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर 1

(vii) सावन हरे न भादौं सूखे 1

5×1=5

**भाग-छ**

**10.** निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए -

ਭ੍ਰਿਸ਼ਟ ਆਚਰਣ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਕੁਝ ਲੋਕ ਕੇਵਲ ਪੈਸੇ ਦੀ ਹੇਰਾਫੇਰੀ ਅਤੇ ਘਪਲੇਬਾਜ਼ੀ ਨੂੰ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮਿਲਾਵਟ, ਅਨਿਆਂ, ਸਿਫਾਰਿਸ਼, ਕਾਲਾਬਜ਼ਾਰੀ, ਸ਼ੋਸ਼ਣ ਅਤੇ

ਧੋਖਾ ਆਦਿ ਸਭ ਕੁਛ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਸਾਰਾ ਸਮਾਜ ਇੱਕ ਜੁਟ ਹੋ ਕੇ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਰੂਪੀ ਇਸ ਦੈਂਤ ਨੂੰ ਖ਼ਤਮ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ । 5

**भाग-ज**

**11.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए -

(i) आपका नाम रवि कुमार है। आप सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पठानकोट में हिंदी के अध्यापक हैं। आप स्कूल की हिंदी साहित्य समिति के सचिव हैं। इस समिति द्वारा आपके स्कूल में दिनांक 11.08.2018 को 'सड़क सुरक्षा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार करके लिखिए जिसमें विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो। 5

(ii) आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर-22 मुम्बई में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए। 5

**भाग-झ**

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें -

(i) मान लीजिए आपका नाम पूनम कुमारी है। आपका भविष्य बैंक, शाखा-शिमला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 373748488 है। आपको अपने इस खाते में से 5500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र की रूपरेखा अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतार कर भरें -

**भविष्य बैंक, शाखा : शिमला**

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम : -----------------------------------------------------

खाता नम्बर : -------------------------------------------------------------

कृपया मुझे -------------------------रुपये (अंकों में) ---------------------- रु. (राशि शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर : -----------------

5

(ii) मान लीजिए आपका नाम सुप्रिया देवी है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-15 नोएडा में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 834747393 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 23.05.2018 को 4500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र की रूपरेखा अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतार कर भरें :

**रुपये निकालने का फॉर्म**

**(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)**

**डाकघर का नाम : सेक्टर - 15, नोएडा**

दिनांक ---------------

बचत खाता सं : ------------------------------------------------------------------------

कृपया मुझे ----------------------रुपये (अंकों में) -----------------------रु. (राशि शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर : ------------------

5

# SOLUTION

**1. निम्नलिखित प्रश्न का हाँ अथवा नहीं में उत्तर दीजिए -**

**(i)'आधार' शब्द का विपरीत शब्द निराश्रित' होगा - हाँ अथवा नहीं**

**Answer:**

नहीं

**(ii) 'बनगमन' समस्त पद के निम्नलिखित समास-विग्रह-विकल्पों में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :**

**(क) वन में गमन** **(ख) वन को गमन '**

**(ग) वन के लिए गमन** **(४) वन से गमन**

**Answer:**

वन को गमन

**(iii) निम्नलिखित कथन में सही अथवा गलत लिखें :**

**'अर्थ' शब्द का विशेषण होगा- 'आर्थिकता**

**Answer:**

हाँ

**(iv) निम्नलिखित कथन में संही अथवा गलत लिखें :**

**'जो बात कही न जा सके' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द होगा - 'अकथनीय'**

**Answer:**

संही

**(v) "पुत्री' शब्द के निम्नलिखित में से सही पर्यायवाची शब्द को चुनकर लिखें -**

**(क) तनय** **(ख) तनुज** **(ग) तनुजा**

**Answer:**

तनुजा

**(vi) कवि रहीम के अनुसार ज्ञानी व्यक्ति संपत्ति का संचय किसलिए करते हैं ?**

**Answer:**

ज्ञानी व्यक्ति संपत्ति का संचय पैरोपकार करते हैं

**(vii) 'हम राज्य लिए गरते हैं' कविता के अनुसार किसान संसार को कैसे समृद्ध बनाते हैं ?**

**Answer:**

अन्न पैदा करके

**(viii) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - ममता रोहतास दुर्ग के मंत्री ------- की पुत्री थी।**

**Answer:**

चूड़ामणि

**(ix) 'हाँ' अथवा 'नहीं' में उत्तर दीजिए -**

**'सदाचार का तावीज' निबन्ध के अनुसार साधु ने तावीज़ का प्रयोग गरे पर किया। हाँ अथवा नहीं।**

**Answer:**

नहीं

**(x)'सूखी ली' एकांकी में दादा मूलराज की पोती इंदु ने कहाँ तक शिक्षा प्राप्त की थी ? निम्नलिखित में से सही विकल्प को । चुन कर लिखिए :**

**(क) मिडल तक (ख) प्राइमरी तक**

**(ग) दसवीं तक (घ) बारहवीं तक**

**Answer:**

प्राइमरी तक

**भाग-ख़**

**निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -**

**(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए -**

**हत + उत्साहित**

**Answer:**

हतोत्साहित

**अथवा**

**निम्नलिखित शब्द का संधिविच्छेद कीजिए -**

**पित्रर्पण** |

**Answer:**

पित्त + अर्पण

**(ii) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए -**

**राजकुमारी**

**Answer:**

राजा की कुमारी

**अथवा**

**निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइए -**

**नीली है जो गाय**

**Answer:**

नीलगाय

**(iii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए -**

**मीठा, अपना**

**Answer:**

मीठा:-मिठास

अपना:- अपनापन

**(iv) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए -**

**चिंता, परिवार** |

**Answer:**

चिंता:-चिंतित

परिवार:-पारिवारिक

**(v) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

**दिन, इच्छा** ।

**Answer:**

दिन:- दिवस, बार

इच्छा:- मनोरथ अभिलाषा

**(vi) निम्नलिखित में से किसी एक समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो ।**

**जाए - अन्न-अन्य, सपुत्र सुपुत्र**

**Answer:**

अन्न:-(अनाज) देश में अन्न की खपत बढ़ रही है।

अन्य:-(दूसरा) आपके अलावा अन्य कोई नहीं है।

सपुत्र:-(पुत्र सहित) आप के सपुत्र आगमन पर हम प्रसन्न है।

सुपुत्र:-(अच्छा बेटा) पूनम का सुपुत्र तो उच्च पद पर है।

**(vii) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्यांश (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए -**

**पूर्वजों से प्राप्त हुई सम्पत्ति, जो नीति का ज्ञाता हो।**

**Answer:**

पूर्वजों से प्राप्त हुई सम्पत्ति:-पैरतक

जो नीति का ज्ञाता हो:-नीतिज्ञ

**(viii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए -**

**कंजूस, विस्तार** ।

**Answer:**

कंजूस:-खर्चीला

विस्तार:-संक्षेप

**(ix) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए -**

**हवा, धूप**

**Answer:**

हवा:-समीर, हवा

धूप:-सूर्य की धूप, अगरबत्ती

**(x) निम्नलिखित में से किसी एक अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए -**

**(क) मेरे को मंदिर जाना है।**

**(ख) मेधावी मेरी अनुज हैं।**

**Answer:**

(क) मेरे को मंदिर जाना है:-मुझे मंदिर जाना है।

(ख) मेधावी मेरी अनुज हैं:-मेधावी मेरी अनुजा है।

## भाग-ग

**3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -**

**पर सुख संपति देखि सुनि,**

**जरहिं जे जड़ बिनु आगि।**

**तुलसी तिन के भाग ते,**

**चलै भलाई भागि।।**

**Answer:**

प्रसंग :-प्रस्तुत दोहा तुलसीदास द्वारा रचित दोहावली से लिया गया है। जिसमें कवि ने व्यक्ति की दुर्दशा का वर्णन किया है।

व्याख्या:- तुलसीदास जी कहते हैं की दूसरे और संपत्ति को देख सुनकर जो मोर के बिना आग के जलते रहते हैं उन लोगों के भाग्य से बलाई स्वयं ही भाग जाती है।

**अथवा**

**गोधन के धनी उदार,**

**उनको सुलभ सुधा की धार,**

**सहनशीलता के आगर वे श्रम सागर तरते हैं।**

**हम राज्य लिए मरते हैं।**

**Answer:**

प्रसंग:-प्रस्तुत पंक्तियां मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित कविता 'हम राज्य लिए मरते हैं' से ली गई है। इसमें उर्मिला ने क्लेश से दुखी होकर संपन्न जीवन की प्रशंसा की है

व्याख्या:- उर्मिला कहती है कि किसान के पास गायों रूपी धन है जिसके कारण वह धनवान है और उधार बने रहते हैं। उन्हें अमृत की धारा के समान ने गाया का दूध सारा आसान आसानी से मिल जाती है। रेशम शीलता आ रहे हैं तथा निरंतर प्रश्न रूपी सागर में तैरते रहते हैं जब हम लोग आपस में लड़ते झगड़ते हैं।

**4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए -**

**(i) 'नर्स' कहानी में सिस्टर सूसान ने महेश को अपने बेटे के बारे में क्या बताया ?**

**Answer:**

जब सिस्टर सूसानसिस्टर्स सुजान ने महेश को रोते तो उसने महेश को बताया कि बेटा की उसके बाद रोता है बहुत शैतान है। उसका नाम महेश है वह 3 महीने का है महेश को बताया कि आया उसे जब खिलाती है या गाना गाती है तो खुशी से आग पर ऊपर नीचे करने लगता है जैसे नाच रहा हो।

**(ii) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी में नीम के वृक्ष के साथ मनोहर सिंह का इतना लगाय क्यों था ?**

**Answer:**

नीम का वृक्ष मनोहर के घर के बाहर लगा हुआ था। यह पेड़ उसके पिताजी के हाथ से लगाया हुआ था। उसके साथ उसका बचपन बीता था। वह पेड़ उस के दरोगा था उस अपने पिताजी की यादगारी मनाता था वह पेड़ की सीट शायर सुख से अनुभव करता था उसे प्रिय था इस पेड़ के उसे परिवार पर अनेकों उपकार थे उसे तथा उसके परिवार को छाया प्रदान करता था।

**(iii) 'मित्रता' निबन्ध के आधार पर लिखें कि अपने से अधिक आत्मबल रखने वाले व्यक्ति को मित्र बनाने से क्या लाभ है ?**

**Answer:**

हमें अपने से अधिक आत्मबल रखने वाले व्यक्तियों को अपना मित्र बनाना चाहिए ऐसे व्यक्ति हमें उच्च और महान कार्य को मैं सहायता करते हैं हम मनोबल और साहस बढ़ाते हैं। उस की प्रेरणा से हम अपनी शक्ति से अधिक कार्य कर लेते हैं। ऐसे मित्रों के भरोसे हम कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से कर लेते हैं।

**(iv) 'मैं और मेरा देश' निबन्ध के आधार पर लिखें कि लाला लाजपतराय के किस अनुभव ने लेखक की पूर्णता को अपूर्णता में बदल दिया ?**

**Answer:**

लाला लाजपत राय से अनेकों देशों में ले गए थे जब भी वहां से घूम कर अपने देश में लौटे तो उन्हें अपना विदेशी यात्रा का अनुभव सुनाते हुए कहा कि अमेरिका इंग्लैंड तथा संसार के दूसरे देशों में भी गए पर भारतवर्ष की गुलामी की लज्जा का कलंक लगा ही रहा।

**(v) 'सूसी शाली' एकांकी में परेश ने दादा जी के पास जाकर अपनी पत्नी बैला के सम्बन्ध में क्या बताया ?**

**Answer:**

परेश ने दादा जी के पास जाकर बताया कि उसकी पत्नी बेला का मन किस घर में नहीं लगता था। उसे कोई भी पसंद नहीं करता था। सब कुछ की निंदा करते थे। वह ऐसा समझती थी जैसे वह पर परागों में आ गई हो। प्रजाति चाहती है और दूसरों का पसंद नहीं करती।

**(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव को गुप्तचरों से क्या समाचार मिला ?**

**Answer:**

जयदेव को गुप्तचारों यह समाचार मिला की अंधेरी में पुलिस एक डेड मील दक्षिण की तरफ से कुछ लोग बॉर्डर पार करने वाले हैं। ऐसा शहर की सोना समग्र कर के ला रहे हैं।

**5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह-सात पंक्तियों में दीजिए -**

**(i) 'ममता' कहानी के अथार पर ममता का चरित्र चित्रण कीजिए।**

**Answer:**

ममता एक सौदयम य  युक्ति थी। ब्राह्मण होने के कारण मन में धन के प्रति कोई मोह नहीं था। त्याग करना और कष्ट सहना वह जानती थी। उसने भारतीय नारी के गुण विद्यमान थे। ममता देशभक्त भी थी। राष्ट्र प्रेम उसकी नस-नस में था। ममता यह जानती हुई कि उसके पिता की हत्या इन युवाओं के हाथों हुई है एक आगतक को इसलिए शरण देती है कि हिंदू धर्म में'अतिथि देवो भव ' कहा गया है। लोगों के प्रति प्रेम से दूसरों के सुख-दुख समझने की भावना के कारण लोग सम्मान करते हैं। मैं आजीवन सब के दुख सुख की सहभागी है। इसकी सेवा भावना के कारण उसके अंत समय में गांव की स्त्रियां ममता की सेवा के लिए घेरकर बैठी थी।

**(ii) 'दो कलाकार" कहानी में चित्रा एक मंझी हुई चित्रकार है। आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ?**

**Answer:**

हां चित्रा एक मंझी हुई चित्रकार है। उसे चित्रकला का बहुत शौक है। वह चित्र बनाने के लिए सदैव नवीन प्रेरणाओं की तलाश करती है। उसकी मेहनत विश्व प्रसिद्ध चित्रकार बना देती है वह आधुनिक चित्रकला को नियमों के अनुसार अपने चित्रों को बनाती है। उनकी कला जीवन के सुख दुख से जुड़ी हुई थी। उसके द्वारा बनाया गया भीख मांगी और उसके दोनों बच्चों का चित्र उसकी मंझी कलाकारी होने का सबूत है।

**(iii) 'राजेंद्र बाबू' पाठ के आधार पर राजेंद्र बाबू की पत्नी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करे।**

**Answer:**

राजेंद्र बाबू की पत्नी एक सच्ची भारतीय नारी थी।बचपन में उसका विवाह हो गया था। बिहार के जिमीदार परिवार की वधु तथा स्वतंत्रता संग्राम की सुप्रसिद्ध सोनानी भारत के प्रथम राष्ट्रपति की पत्नी होने का कारण अहंकार नहीं था। राष्ट्रपति भवन में वे स्वयं भोजन पकाती थी पति, परिवार, परिजनों, आदि को खिला कर ही स्वयं ग्रहण करती थी। लेखिका के छात्रावास में अपने और स्त्रियों से मिलने आने पर वह छात्रावास की अन्य छात्राओं, आदि को भी मिठाई बाट देती थी।

**(iv) 'सदाचार का तावीज़' पाट में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।**

**Answer:**

'सदाचार का तावीज़' पाठ मूल रूप से व्याध्यात्मिक रचना है। रचना के माध्यम से व्याख्याकार लेखक शंकर परसाई करना चाहता है की केबल भाषणों, कार्यकाल को ,पुलिसिया कार्रवाई, नैतिक स्लोगनओं बाद में बाद आदि के जोर से कभी भी भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार को सलमा पर करने के लिए समाज में व्यक्ति को नैतिक टेढ़ा करना होगा। जब व्यक्ति की नैतिकता भी विकास होगा समाज तथा राष्ट्र का कल्याण कर सकेगा। देश में कार्यरत सभी कर्मचारियों को जब उसकी आवश्यकतानुसार वेतन दिया जाएगा तब कहीं जाकर भ्रष्टाचार न केंद्र कसी जा सकती है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं बल्कि इसकी जिम्मेवारी पूरे समाज की है।

**(v) सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?**

**Answer:**

हमें परिवार की सभी क्यों का सम्मान बाल से सम्मान करते हुए मिलजुलकर रहना चाहिए। हमें अपने बुजुर्गों माता पिता का आदर करना चाहिए। उनके द्वारा बताए गए सुझाव को सुरक्षित तथा संस्कृत मानगढ़ घमंड में चूर नहीं रहना चाहिए अन्यथा घमंड में रहकर आदमी परिवार के साथ रहकर भी पेड़ पर लगी सूखी डाली के समान बन कर रह जाता है। छोटा बड़ा कोई उम्र से नहीं बल्कि ज्ञान और बुद्धि से होता है।

**भाग-घ**

**6. आपका नाम जगजीत कौर है। आप शिवाजी नगर, मुम्बई में रहते हैं। आप अपनी ओर से मुम्बई के 'जन चेतना' समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव सम्बन्धी एक पत्र**

**Answer:**

जगजीत कौर

शिवाजी नगर,

मुम्बई

दिनांक 22अगस्त20..

सेवा में

संपादक

जन चेतना

मुम्बई

विषय:- सड़क दुर्घटनाएं- समस्या और सुझाव

प्रिय महादेए

आप की लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से में दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं दिलाना चाहता उन्हें रोकने के लिए अपनी और से सुझाव भी दे रहा है। आजकल निरंतर बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बिना वाहन चलाने के लिए लाइसेंस की गाड़ी चलाना, नशे में गाड़ी चलाना, तेज गति से गाड़ी चलाना, ट्रैफिक नियमों अनदेखी करते हुए वाहन चलाना, ट्रकों में निर्धारित सीमा से अधिक माल भरना वाहनों की समय-समय पर सर्विस ना करवाना आदि है। समस्याओं से हटाने के लिए परिवहन पुलिस विभाग को मिलजुल कर काम करना चाहिए। वाहन चालकों को लाइसेंस ट्रैफिक नियम से प्रायश्चित तथा वाहन चलाने की परीक्षा देने के बाद दिया जाए। ट्रेफिक नियमों को तोड़ने वाले को कठोर दंड दिया जाए। समय समय पर स्कूल कॉलेजों और संस्थाओं मैं नियमों की जानकारी देनी चाहिए

आशा है प्रशासन ने सुझाव की ओर ध्यान देकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की पहल करेगा

धन्यवाद

जगजीत कौर

**अथवा**

**आपका नाम अनीता पुरी है। आप ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, जगाधरी में दसवीं कक्षा में पढ़ती हैं। अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अगिक से अधिक खेलों का सामान मंगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन पत्र लिखिए।**

**Answer:**

सेवा में

प्रधानाचार्य

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल,

जगाधरी

विषय:- वीडियो समानार्थ प्रार्थना पत्र।

मान्यवर महोदय

अपने एक छात्र सभा में भाषण देते हुए इस बात पर बल दिया कि छात्रों को शिक्षा के साथ साथ खेलों का महत्तम भी समझना चाहिए। खेल शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। मुद्दे की बात है कि आप शेरों की आवश्यकता तो खूब समझते हैं पर खेल सामग्री की अभाव और कभी आपका ध्यान नहीं गया। खेलो के अनेक लाभ है यह स्वास्थ्य के लिए बड़े उपयोगी है। यह अनुशासन बालन सहयोगी का पाठ पढ़ाती हैं। अंत आप से निवेदन है कि आप खेलों का सामान उपलब्ध करवाने की कृपा करें। इससे छात्रों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी वह अपने खेल प्रतिभा का विकास कर सकेंगे। आशा है कि आप मेरे पत्र पर उचित ध्यान देंगे।

आपका आज्ञाकारी छात्र

अनीता पुरी

**7. निम्नलिखित किसी एक विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -**

**(क) जनसंचार के माध्यम**

**(ख) सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने का मेरा पहला अनुभव**

**(ग) प्रकृति का वरदान : पेड़-पौधे**

**Answer:**

## जनसंचार के माध्यम

वर्तमान युग ज्ञान का युग है। आज के युग में जनसंचार के क्षेत्र में क्रांति सी आ गई है। आज पहले की अपेक्षा जन संचार के आधुनिक एवं अनेक साधन है जिससे हम दूसरों अपनी बात को आसानी से पहुंचा सकते हैं। अब तो जनसंचार के लिए मोबाइल फोन हर व्यक्ति की जेब में सदा विद्यमान रहता है। जिससे आप देश-विदेश कहीं भी बात कर सकते हैं संदेश प्राप्त कर सकते हैं या उन्हें कहीं भी भेज सकते हैं। इंटरनेट सुविधा ने तो पूरे संसार को एक गांव में बदल के रख दिया है। पत्र, पत्रिकाएं, रेडियो, टेलीविजन, मोबाइल, टेलिफोन, इंटरनेट, आदि जन संचार के विभिन्न माध्यम है। जनसंचार के माध्यम को अनेक वर्गों के बांट सकते हैं। मौखिक और लिखित। इन सभी माध्यम की शिक्षा, व्यापार, व्यवस्था, मनोरंजन, आदि विषयों में अनुज योगदान है।

## सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने का मेरा पहला अनुभव

जीवन में जितनी आवश्यकता काम की है। उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त करना है। कार्य में गति और प्रगति लाता है। बम के आधार पर किया जाने वाला कार्य श्रेष्ठ कर होता है। मेरे घर शहर के सेक्टर 8 क्षेत्र में है। हमारे घर के पास सब्जी मंडी लगती है। बड़ी मंडी से भी कुछ छोटे दुकानदार सब्जी बेचने के लिए यहां आते हैं। सब्जी बेचने और खरीदने का कोलाहल देखने की बनता है। प्राय : वहीं सब्जी खरीदने के लिए बड़ी बहन और मम्मी जाते हैं लेकिन आज मैं चला गया। मेरे जीवन का अलग अनुभव था। सब्जी मंडी में लोगों की भीड़ थी। रेडियो की भीड़ के अतिरिक्त डेटो की बनी फर्श पर योग सब्जी बेच रहे थे। लोग दुकानदारों से सब्जियों का मोल भाग कर रहे थे। मैंने भी टमाटर, प्याज, आलू, और मडर खरीदने का मोल भाव किया। मैंने स्वयं सब्जियों को चुना और उन्हें तूलवाया केले और संतरे बी खरीदने थे। फल अधिकतर रेडियो पर सजे हुए थे। मैंने चार पाचरेडियो पर बिकने वाले फलों केदाम पूछे। और फिर एक रेडी से फल खरीदे। कार्य करना अलग प्रकार का संतोष अनुभव हुआ। जब मैं घर पहुंचा तो मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मैं कुछ अलग काम करके वापस लौटा हूं।

## प्रकृति का वरदान पेड़ पौधे

प्रकृति संसार को अनेक अनूठे उपहार भेंट किए हैं। पेड़ पौधे प्रकृति का अनूठा वरदान है। पेड़ पौधे से पुणे जीव जगत के जीवन मूल धारा है। यह पर्यावरण को साफ स्वस्थ एवं सुंदर बनाते हैं। यह कार्बन डाइऑक्साइड का ग्रहण करते हैं और ऑक्सीजन दूसरों को देते हैं। ऑक्सीजन से समयपुरम प्राणी जगत सांस लेता है। पेड़ पौधे स्वयं सूर्य की तपन को सहन कर दूसरों को छाया प्रदान करते हैं। अपने पर स्वयं कभी नहीं खाते बल्कि उन्हें भी हमें दे देते हैं। इतने पेड़ पौधे वातावरण को शुद्ध बनाते हैं। धरती की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाते हैं। भूमि को पानी के कटाव से रोकती है। पेड़ पौधों से हमें लकड़ियां चाल आदि अनेक आहार प्राप्त होते हैं। पेड़ पौधे प्रकृति का अनूठा वरदान है। हमें भी पेड़ पौधों का संरक्षण करना चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए।

**8. निम्नालाखत गद्याश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**अनुशासनहीनता एक प्रचंडतम संक्रामक बीमारी है। आग की तरह यह फैलती है और आग की तरह जो कुछ इसके अधीन आता जाता है, उसे ध्वस्त करती जाती है। अतः हर स्तर पर जो भी संचालक अथवा प्रभारी है, उसका यह प्रमुख कर्तव्य हो जाता है कि अनुशासनहीनता के पहले लक्षणों को देखते ही उसका प्रभावी उपचार कर दें। अन्यथा यह बीमारी सम्पूर्ण राष्ट का ही पतन कर सकती है। वस्तुतः अनुशासन शिथिल होने का अर्थ है, मूल्यों और मान्यताओं का अवमूल्यन होना और जब ऐसा होता है तो कोई भी राष्ट अथवा सभ्यता कितनी ही दिव्य क्यों न हो, नष्ट हो जायेगी। अनुशासित हुए बिना कोई समाज, कोई विभाग या कोई राष्ट शक्तिशाली नहीं बन सकता। इतना ही नहीं अनुशासन के बिना किसी देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते ।**

**(i) अनुशासनहीनता कैसी बीमारी है ?**

Answer:

अनुशासनहीनता एक प्रचंडतम संक्रामक बीमारी है।

**(ii) अनुशासन शिथिल होने से किसी राष्ट या सभ्यता पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

Answer:

अनुशासन शिथिल होने का अर्थ है, मूल्यों और मान्यताओं का अवमूल्यन होना और जब ऐसा होता है तो कोई भी राष्ट्र अथवा सभ्यता कितनी ही दिव्य क्यों न हो, नष्ट हो जायेगी।

**(iii) किसके बिना देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते ?**

Answer:

अनुशासन के बिना देश से दरिद्रता, अन्याय, आपसी फूट और वैमनस्य कभी दूर नहीं हो सकते।

**(iv) 'उपचार' तथा 'वैमनस्य' शब्दों के अर्थ लिखिए।**

Answer:

उपचार:-इलाज

वैमनस्य:-दुश्मनी

**(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।**

**Answer:**

अनुशासनहीनता

**भाग-च**

**9. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों लोकोक्तियों के वाक्य इस तरह बनाएं ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं -**

**(i) रुपया पानी में फेंकना**

**(ii) फूल झड़ना**

**(iii) तिल का ताड़ बनाना**

**(iv) आँच न आने देना**

**(V) कथनी नहीं, करनी चाहिए**

**(vi) कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर**

**(vii) सावन हरे न भावौं सूखे**

**Answer:**

रुपया पानी में फेंकना:-(मन्नत मांगने ) यह माना जाता है कि रुपैया पानी में फेंकने से सब काम पुरे होते हैं।

फूल झड़ना:-(मुस्कुराना) राम के धोखा देने पर श्याम के फूल झड़ गए।

तिल का ताड़ बनाना:-( छोटी बात को बढ़ाना) सुधाकर की जरा सी बात को अपने ऊपर आरोप समझ कर रोहनका तिल का ताड़ बनाना है।

आँच न आने देना:-( कुछ भी ना होने देना):- कितने मुश्किल के समय में भी माधवी ने उन्हें आँच न आने देना।

कथनी नहीं, करनी चाहिए:-( बातें बहुत परंतु काम कुछ नहीं) आजकल के नेताओं की कथनी और करनी में बहुत अंतर है क्योंकि जनता को उनकी कथनी नहीं, करनी चाहिए।

कभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर:-( जरूरत में एक दूसरे की मदद करनी) सुरेंद्र कौर ने बलविंदर कौर की गलत में सहायता की थी तो बलविंदर ने सुरेंद्र कॉल की अंग्रेजी में मदद करती इसीलिए कहा गया है किकभी नाव गाड़ी पर, कभी गाड़ी नाव पर।

सावन हरे न भावौं सूखे:-( एक जैसी दशा रहनी) राम गरीबी में पाई पाई के लिए मरता था अब अब उसका व्यापार चमक उठा है तो बेवफाई पर के लिए मर रहा है उसकी तो सावन हरे न भावौं सूखे जैसी हालत है।

**भाग-छ**

**10. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए -**

**ਭ੍ਰਿਸ਼ਟ ਆਚਰਣ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਕੁਝ ਲੋਕ ਕੇਵਲ ਪੈਸੇ ਦੀ ਹੇਰਾਫੇਰੀ ਅਤੇ ਘਪਲੇਬਾਜ਼ੀ ਨੂੰ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮਿਲਾਵਟ, ਅਨਿਆਂ, ਸਿਫਾਰਿਸ਼, ਕਾਲਾਬਜ਼ਾਰੀ, ਸ਼ੋਸ਼ਣ ਅਤੇ ਧੋਖਾ ਆਦਿ ਸਭ ਕੁਝ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਸਾਰਾ ਸਮਾਜ ਇੱਕ ਜੁਟ ਹੋ ਕੇ ਹੀ ਭ੍ਰਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਰੂਪੀ ਇਸ ਦੈਤ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ।**

**Answer:**

भ्रष्ट आचरण भी भ्रष्टाचार है। कुछ लोग केवल पैसे की हेराफेरी और धोखेबाजी को ही भ्रष्टाचार कहते हैं, पर इसके अलावा, मिलावट, अन्याय, सिफारिश, कालाबाजारी, शोषण और धोखाधड़ी सब कुछ आ जाता है। सहारा समाज एकजुट होकर भ्रष्टाचार रूपी   इस को समाप्त कर सकता है।

**भाग-ज**

**11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए -**

**(i) आपका नाम रवि कुमार है। आप सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पठानकोट में हिंदी के अध्यापक हैं। आप फल की हिंदी साहित्य समिति के सचिव हैं। इस समिति द्वारा आपके स्कूल में दिनांक 11.08.2018 को 'सड़क सुरक्षा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार करके लिखिए जिसमें विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो।।**

**Answer:**

आप सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि स्कूल में11.08.2018 को सड़क सुरक्षा वर्ष पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी विद्यार्थियों का आना अनिवार्य है।

रवि कुमार

हिंदी साहित्य समिति

सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल,

पठानकोट

**(ii) आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर-22 मुम्बई में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।**

**Answer:**

सेक्टर-22 मुंबई प्रति निष्ठा 5 तारा होटल में काम करने वाली मैनेजर की आवश्यकता है। डॉक्टरी, बीमा फंड की सुविधा। अंग्रेजी भाषा बोलना अनिवार्य वेदर योग्य अनुसार। 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक। संपर्क करो-मोबाइल नम्बर 1354456695

**भाग-झ**

**12. निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर पुरितका पर उतारकर भरें - (i) मान लीजिए आपका नाम पूनम कुमारी है। आपका भविष्य बैंक, शाखा-शिमला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 373748488 है। आपको अपने इस खाते में से 5500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र की रूपरेखा अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतार कर भरें -**

| |
|---|
| **भविष्य बैंक, शाखा : शिमला** |
| **बचत बैंक आहरण प्रपत्र ।** |
| **बचत खाताधारक का नाम: ...................................................................** |
| **खाता नम्बर :...........................................................................................** |
| **कृपया मुझे............................रुपये (अंकों में)............... रु. (राशि शब्दों में)।** |
| **अदा करें।** |
| **खाताधारक के हस्ताक्षर :.......................** |

**Answer:**

बचत खाताधारक का नाम: . पूनम कुमारी

खाता नम्बर :. 373748488

कृपया मुझे .5500/- रुपये (अंकों में).. पाँच हजार पाँच सौ रु. (राशि शब्दों में)।

अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर :..पूनम कुमारी

**(ii) मान लीजिए आपका नाम सुप्रिया देवी है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-15 नोएडा में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 834747393 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 23.05.2018 को 4500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र की रूपरेखा अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतार कर भरे ।**

**रुपये निकालने का फॉर्म**

**(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)**

**डाकघर का नाम : सेक्टर -15, नोएडा**

**दिनांक.....................**

**बचत खाता से :..............................................................................................**

**कृपया मुझे.....................रुपये (अंकों में.) .............................रु. (राशि शब्दों में) का भुगतान करें।**

**जमाकर्ता के हस्ताक्षर : ,.................................................................**

**Answer:**

दिनांक.22.05.2018

बचत खाता से :...834747393...

कृपया मुझे..4500/-..रुपये (अंकों में.) . चार हजार पाचँ सौ रु. (राशि शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर : ,...सुप्रिया देवी..